# Institutional Activities

## Est. 2016

## Under the Leadership of IQAC

## St. Xavier's College, Simdega

# The Campus Shift

Supporting staff were busy in summer vacation to shift the belongings to new college campus Dhawaipani.





# NCC Camp

Double Victory for Our NCC Senior Division Cadets secured 1st and 2nd positions in Tug of War and Volleyball during their NCC Campus.





# World Yoga Day

NCC Cadets came together for a morning of wellness, alignment, and community.









# College Canteen & Cycle Shed

Stepping into comfort, convenience, and a better campus experience.






# Staff Orientation

After the summer vacation, staff members resumed their duty. Members looked refreshed and joyful, energised and thrilled. Fr. Principal and Frs. Vice-Principals gave the short reminding and orientation to the gathering so that academics could start well. It was really a joyful to see the new campus with students and staff.



# Welcome of Father Sushil

The college welcomed Dr. Fr. Sushil Bilung, SJ. He was honoured with Showell and bouquet of followers. He joined the department of Hindi as faculty members.



# End-Semester Examinations

Students resumed their End Semester Exam. Students from Simdega college Simdega responded very well.






# Saluting the Heroes of the Hul

It was a time of honouring the Spirit of Rebellion: Remembering the courage of Sido-Kanhu and the timeless legacy of tribal resistance. It was a great learning for the students about the great freedom fighters.



# सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में हूल दिवस का गरिमामय आयोजन

**प्रातः आवाज : सिमडेगाः-** सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के इतिहास विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से मंगलवार को हूल दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 30 जून 1855 के ऐतिहासिक संताल हूल विद्रोह के महानायक सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव तथा फूलो-झानो सहित सभी आदिवासी वीर शहीदों के साहस, बलिदान और संघर्ष को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में



इतिहास और सामाजिक चेतना के प्रति जागरूकता पैदा करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आदिवासी वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने हूल विद्रोह की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आंदोलन केवल अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष नहीं, बल्कि जल, जंगल, जमीन, स्वाभिमान और सामाजिक न्याय की रक्षा का प्रतीक था।विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुति और देशभक्ति गीतों के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक श्री संतोष टोप्पो के नेतृत्व में हुआ। इसमें आईक्यूएसी समन्वयक [illegible] अल्मा लकड़ा, बिपिन मिंज, अर्चना शैफाली और शशि [illegible] सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**Media Effects**

# सिमडेगा कॉलेज के छात्र जेवियर्स कॉलेज के नये भवन में देंगे परीक्षा

**सिमडेगा.** सिमडेगा महाविद्यालय के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र अब सेंट जेवियर्स कॉलेज के नये भवन में होगा. कॉलेज के प्राचार्य प्रो देव राज प्रसाद ने बताया कि संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य ने आज अपने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि 22 जून से आयोजित होने वाले स्नातक की परीक्षा के लिए सिमडेगा महाविद्यालय के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र ठेठइटांगर प्रखंड के धवईपानी कोनमेंजरा स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज का नया भवन होगा. विदित हो कि इससे पूर्व सिमडेगा महाविद्यालय के परीक्षार्थियों की परीक्षा सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के पुराने भवन ली जाती थी.

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com अपना सिमडेगा

## संत जेवियर कॉलेज में एनईपी के तहत होगी नए सत्र में पढ़ाई

## संत जेवियर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**प्रात: आवाज**

**सिमडेगा:-** संत जेवियर कॉलेज के स्थायी भवन धवईपानी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कैडेट्स और स्वयंसेवकों द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. रोशन बा, फादर ब्रूनो, फादर समर, एनसीसी के एएनओ रोशन किशोर गिध तथा एनएसएस की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निशा रानी धनवार उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य फादर डॉ. रोशन बा ने किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि मानसिक एवं आत्मिक शांति प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम है। एएनओ रोशन किशोर गिध ने ह्रस्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योगह्व विषय पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास को निरोग एवं दीघार्यु जीवन के लिए आवश्यक बताया।इस दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने योगासन, ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कैडेट्स अनूप डुंगडुंग, नीलम कुमारी, कुलदीप एवं जॉर्डन ने योगाभ्यास का नेतृत्व किया। अंत में सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## एमजीएम : पहली बार दो हॉस्पिटल मैनेजरों की हुई नियुक्ति

**जमशेदपुर.** एमजीएम को सुचारू रूप से चलाने के लिए पहली बार दो हॉस्पिटल मैनेजर की नियुक्ति की गयी है. इसके साथ ही सदर अस्पताल सरायकेला-खरसावां व पश्चिमी सिंहभूम सदर अस्पताल में एक-एक हॉस्पिटल मैनेजर की नियुक्ति की गयी है. एमजीएम अस्पताल में नियुक्त हॉस्पिटल मैनेजर में डॉ नेहा जायसवाल व डॉ सोनू कुमार शामिल हैं. इसके साथ ही सरायकेला-खरसावां सदर अस्पताल में डॉ अशीष राज व पश्चिमी सिंहभूम में डॉ अंगनु कुमार महतो को नियुक्त किया गया है. वहीं खासमहल स्थित सदर अस्पताल में पहले से ही हॉस्पिटल मैनेजर की नियुक्ति हो चुकी है. सभी की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर हुई है.

**हॉस्पिटल मैनेजर का क्या है मुख्य काम** : हॉस्पिटल मैनेजर का मुख्य काम अस्पताल के रोजमर्रा के संचालन को सुचारू रखना और प्रशासनिक व्यवस्था संभालना होता है. वह डॉक्टर, नर्स, लैब व अन्य स्टाफ के बीच समन्वय बनाकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करता है. साथ ही ओपीडी, वार्ड, इमरजेंसी, स्टाफ ड्यूटी मरीजों की शिकायतों का समाधान, दवाओं की उपलब्धता आदि की निगरानी करना है